हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों द्वारा 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल अब टाल दी गई है। यह फैसला बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के बीच मुंबई में हुई सकारात्मक बातचीत के बाद लिया गया। दोनों पक्षों के बीच कई अहम मुद्दों पर प्रगति होने के बाद हड़ताल स्थगित करने पर सहमति बनी। बैंक कर्मचारी संघों ने पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती, आउटसोर्सिंग पर रोक और पेंशन संबंधी अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी।

****

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि पिपली, सोनीपत एवं गुरूग्राम के नए बस अड्डों को सार्वजनिक निजी भागीदारी से बनाया जाएगा।

श्री विज कल देर शाम अम्बाला छावनी के निकट लोकल बस सेवा में शामिल हुई 10 नई इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में बस अड्डा मैट्रो स्टेशन के नजदीक बनाया जाएगा। यानि जैसे ही यात्री मैट्रो स्टेशन से बाहर आएगा तो उसे वहीं नजदीक से इलैक्ट्रीक वातानुकूलित बस सुविधा मिल सकेगी।
उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ कुछ अन्य बस अड्डों के निर्माण का काम चल रहा है, उन्हे भी तेजी से पूरा करवाकर जनता को समर्पित किया जाएगा।
परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि लगभग 20 साल तक अंबाला छावनी में लोकल बस सेवा बंद रही। थी। परिवहन विभाग का दायित्व मिलने के बाद उन्होंने पहली नवम्बर 2024 से यहां पर दोबारा लोकल बस सेवा शुरू

करवाई। श्री विज ने कहा कि 10 नई बसों के साथ अब यहां पर 25 इलैक्ट्रीक वातानुकूलित बसें हो गई हैं।

****

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित उत्कृष्ट कृति वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में *'कर्मयोगी कृष्ण'* पुस्तक को 'बेस्ट बुक ऑफ द ईयर-2024' पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसका लेखन हरियाणा सरकार में कार्यरत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ0 कृष्ण के आर्य ने किया है। इसके लिए उन्होंने चंडीगढ़ साहित्य अकादमी का आभार व्यक्त किया।

डॉ0 आर्य ने अपनी पुस्तक 'कर्मयोगी कृष्ण' के विषय में बताया कि यह पुस्तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके महान चरित्र की शुद्ध अभिव्यक्ति है।

****

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा ने आज जींद में जनता दरबार में लोग की समस्याएं सुनी और अधिकांश जन समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल और सोना बचाने के आह्वान पर विपक्ष का राजनीति करना गलत है। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी के समय भी देशवासियों से सोना व डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील की गई थी।स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने अन्न संकट के समय देश से एक वक्त का उपवास रखने का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा कि जब देश का प्रधानमंत्री कोई आह्वान करता है, तो पूरे देश को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उसका समर्थन करना चाहिए। प्रधानमंत्री को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर उन्होंने कहा -

****

शिक्षा को अधिक रोजगारपरक व तकनीक युक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने केंद्र सरकार की संस्था परख की मदद से स्कूलों में बच्चों को आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस व रोबोटिक, कोडिंग की शिक्षा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने भिवानी में पत्रकारों को बताया कि इसके लिए प्रदेश भर के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार के शिक्षा से जुड़ी संस्था परख शिक्षको को प्रशिक्षण देगी । राज्य के प्रत्येक सरकारी स्कूल के एक अध्यापक व प्राध्यापक को बोर्ड मुख्यालय में एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

****